Title: Need to retain railway facilities available at Una railway station and Una railway section and also allocate adequate funds for completion of Una-Talwara broadgauge line -laid.

श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर) (हि.प्र.): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदय का ध्यान हिमाचल प्रदेश की एकमात्र ब्राडगेज रेल लाइन दिल्ली-ऊना की ओर आकर्षित करना चाहता हूं और उनके ध्यान में यह लाना चाहता हूं कि ऊना रेलवे स्टेशन के स्टाफ को वहां से अन्यत्र स्थानान्तरित किया जा रहा है। वहां स्थित बुकिंग सुविधा को बन्द किया जा रहा है। ब्लाक स्टेशन का दर्जा कम करके फ्लैग स्टेशन बना दिया गया है। वहां के मैहतपुर रेलवे स्टेशन को बन्द किया जा रहा है। इसके साथ-साथ वहां बिछी एक अतिरिक्त रेलवे लाइन को उखाड़ा जा रहा है। दिल्ली से पूरी रेल के स्थान पर मात्र तीन बोगियां लगाए जाने का निर्णय लिया गया है। इन सबका मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों पर बहुत प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मैं ऐसा महसूस करता हूं कि रेलवे की सुविधाओं को समाप्त किए जाने से मेरे संसदीय क्षेत्र का यातायात बाधित ही नहीं अपितु समाप्त हो जाएगा और सामान्यजन के साथ-साथ देश की रक्षा हेतु सेना में कार्यरत लाखों कर्मियों को अपने गंतव्यों पर पहुंचने के लिए रेलवे की जो थोड़ी सी सुविधा मिली हुई थी, वह पूरी तरह समाप्त हो जाएगी।

उपर्युक्त परिस्थितियों में मेरा आपसे आग्रह है कि ऊना रेलवे स्टेशन एवं इस रेल खण्ड पर उपलब्ध सुविधाओं को फिलहाल यदि बढ़ाया जाना संभव नहीं है, तो स्थिति को पूर्ववत् बनाए रखा जाए और मंत्रालय द्वारा लिए गए प्रतिकूल निर्णय का क्रियान्वयन तुरन्त प्रभाव से रोका जाए। मैं आपसे यह मांग भी करता हूं कि ऊना से तलवाड़ा तक ब्राडगेज के रूके हुए कार्य को अविलम्ब प्रारम्भ किया जाए तथा इस हेतु वर्तमान वर्ष के रेल बजट में पर्याप्त धन का प्रावधान किया जाए। इस बारे में प्रदेश सरकार रेलवे का हर प्रकार का सहयोग करने के लिए उद्यत है।